# साहित्य, संगीत और कलाएँ बेहतर दुनिया का स्वप्न देखती हैं : प्रकाशकांत

**प्रकृति से चित्रकला का जुड़ाव विषय पर की चर्चा**




**देवास।** अगर आपके पास संवेदना है तो फिर आप रचनात्मक हो सकते हैं यदि वह नहीं तो आप उसकी अंतर्दृष्टि को नहीं पकड़ सकेंगे। आपकी दृष्टि कला की है तो आपको दुनिया अलग तरह से खूबसूरत दिखती है. वही हमारे मनुष्य होने की निशानी है। इसके लिए कलाएँ छटपटाती भी हैं. साहित्य, संगीत और कलाएँ बेहतर दुनिया का स्वप्न देखती हैं. और हमें एक बेहतर मनुष्य बनाती हैं। हमें इनमें गहरे सरोकार, संवेदना और समाज को देखने-समझने की दृष्टि मिलती है। एक से दूसरी विधाओं में आवाजाही से हम रचनात्मक रूप से समृद्ध होते हैं। यह बात ख्यात कथाकार प्रकाश कान्त ने अभिरुचि ललित कला अकादमी और लिटरेचर क्लब देवास के साझा चार दिवसीय आयोजन जुगलबंदी के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि कही। पद्मश्री पुराविद नारायण व्यास ने कला की प्राचीन परम्परा की बात करते हुए इसके लोक पक्ष पर बात की। काष्ठ शिल्पी सोहन जोशी ने कला और साहित्य के बीच आवाजाही को रचनात्मक और नवाचारी क़दम निरुपित किया। अमेय कान्त ने टैगोर, सत्यजीत रे, अमृतलाल वेगड़, नामचीन हस्तियों के उदाहरण देते हुए कला और साहित्य की जुगलबंदी को ज़रूरी बताया।

इससे पूर्व कार्यक्रम की रूपरेखा मनीष शर्मा ने तथा कला और साहित्य के अंतर्संबंध पर आधार वक्तव्य मनीष वैद्य ने रखा। चित्रकला का सामान्य परिचय देते हुए इसमें इन फोकस, इमेजिनेशन, आउटलाइन्स, रंगों से परिचय, रंगों के प्रतीक, रंग योजना, बेस कलर, कैनवास और ड्राइंग शीट्स, पेंटिंग्स के माध्यम, बेलेंस, पेंटिंग की भाषा और उसका सौन्दर्य आदि पर कला अकादमी की सोनाली चौहान, जय प्रकाश चौहान, रोहित नंदाने, ज्योत्स्ना पाठक, मैत्रेयी सिंह, कृश, कृतिका सोनी, प्रेरणा सोलंकी आदि ने समूह चर्चा में विस्तार से बात की।

कला और साहित्य के अंतर्संबंध पर समूह चर्चा में सुधीर महाजन, जयप्रकाश चौहान और चयन कानूनगो तथा प्रकृति से चित्रकला का जुड़ाव विषय पर रश्मि शर्मा और अमित पिठवे ने अपनी बात रखी।

इसके बाद चित्रकला शिविर में सभी प्रतिभागियों ने अपनी-अपनी प्रकृति आधारित पेंटिंग बनाई। लिटरेचर क्लब के साथियों ने अपना कविता पाठ किया। अतिथियों ने इस अवसर पर तैयार पेंटिंग्स की कला प्रदर्शनी को भी निहारा।

सञ्चालन शांतनु बेहरे, शर्मिला ठाकुर, मंजू जैन और उर्वशी उपाध्याय ने तथा आभार प्रदर्शन मीनाक्षी दुबे, अपर्णा जैन, कृपाली राणा तथा दारा सिंह चंदेल ने किया। प्रतिवेदन पाठ अलका निगम, छाया कानूनगो, सुमन कुमावत, वंदना शर्मा तथा कविता सत्र का संचालन नीलम दुबे ने किया। आयोजन में विजय श्रीवास्तव, डॉ समीरा नईम, बहादुर पटेल, मनोज पवार, महेंद्रसिंह सोलंकी, ममता मालवीय, रामेश्वर पटेल, सुरेंद्रसिंह राजपूत, दिलीप निगम, भावेश कानूनगो, अंशुमन जैन सहित कई कला प्रेमी उपस्थित थे।

# सतवास के यश की यश कीर्ति यूरोपीय देश वियाना तक पहुंची



**सतवास।** नगर सतवास के काशिव परिवार के शिक्षक दीपक काशिव के होनहार पुत्र यश काशिव का एक शोध पत्र अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन हेतु चयनित किया गया है। इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी अहमदाबाद गांधीनगर में एम टेक कर चुके यश काशिव के शोध पत्र को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि मिली है। यूरोपीय जिओ साइंसेज यूनियन जनरल असेंबली 2026 में शोध पत्र प्रस्तुति के लिए उन्हें एक जून से पांच जून तक ऑस्ट्रिया यूरोप आमंत्रित किया गया है। यह सम्मेलन ऑस्ट्रिया की राजधानी वियाना में आयोजित किया जा रहा है।फिलहाल यश वियाना में ही अंतरराष्ट्रीय स्तर के इस प्रतिष्ठित सम्मेलन में भाग ले रहे है।उन्होंने अपना शोधपत्र चयनित होने के बाद प्रस्तुत दिया है। वैश्विक मंच पर उनके शोध के चयन से स्थानीय नागरिकों ने खुशी जाहिर की है।यश की इस उपलब्धि पर प्राचार्य राजेश जोशी, प्रकाश सोलंकी, ओम जोशी, केदार सावले, एसएल बघेला, बीके यादव, हीरालाल उइके, अजय मिस्त्री, आर. गुहा आदि ने बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। यश ने अपने परिवार के साथ साथ सतवास एवं अपने जिले का नाम रोशन किया है।

## एक नजर में

### बद्रीनाथ-केदारनाथ धाम से तीर्थ यात्रियों का जत्था लौटा



**सोनकच्छ।** नगर से केदारनाथ धाम व बद्रीनाथ धाम की पवित्र यात्रा के लिए तीर्थ यात्रियों का एक जत्था गया था जो कि मंगलवार को सकुशल लौट आया है। इस जत्थे में सोनकच्छ सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी दशरथसिंह बघेल उनकी पत्नी के साथ तथा सेवानिवृत्त स्वास्थ्यकर्मी राजेंद्रसिंह गौड़ उनकी पत्नी व पोती के साथ शामिल हुए। यात्रा से सकुशल लौटने के बाद श्रद्धालुओं ने पिपलेश्वर महादेव व श्री खेड़ापति मंदिर मंदिर में विधिवत दर्शन कर पूजा-अर्चना की। इस दौरान परिजन, समाजजन व इष्ट मित्रों ने तीर्थ यात्रियों का पुष्प मालाओं से स्वागत किया।

### सेवानिवृत्त सैनिक का स्वागत किया



**भौरासा।** ग्राम कूलाला के फौजी जगदीश चौधरी को भारतीय सेवा सीआरपीएफ में 23 वर्षो तक अपनी भारतीय सेना में सेवा देने के बाद सेवानिवृत्त होकर बुधवार को अपने ग्रहग्राम पहुंचे उनके आगमन पर जनप्रतिनिधियों समाजजन व विभिन्न संस्थाओं ने उनका स्वागत किया ग्रहग्राम पहुंचने से पहले भौरासा फाटे से लेकर भौरासा नगर भर मे स्वागत किया गया वही छोटे हनुमान चौक में नगर परिषद उपाध्यक्ष जय सिंह राणा के नेतृत्व में सैनिक चौधरी का दुपट्टा पहन कर सम्मान किया गया इस अवसर पर पत्रकार अभय नागर , नरबत यादव, नवीन डोडिया, अनिल कुमावत, किशोर ट्रेलर ,मनीष दूध डेयरी, अरविंद चौधरी, आदि लोग मौजूद रहे,इसके बाद नगर सहित ग्राम कुलाला में भी जगह-जगह स्वागत किया गया इसी क्रम में ग्राम पंचायत कुलाला सरपंच तेज यादव द्वारा कोलू चौक, महाकाल ऑनलाइन, पंचायत कार्यालय के पास में भव्य सम्मान कार्यक्रम का आयोजन रखा गया जिसमें सैकड़ो की संख्या में समाजजन सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।

### प्रतिमा अनावरण को लेकर दिया जा रहा निमंत्रण

**भौरासा।** ग्राम भौरासा नगर में ग्राम नांदेड़ से पधारे राजपूत समाज जनों के द्वारा सर्वप्रथम भौरासा फाटे पर लगी महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्या अर्पण कर भौरासा नगर में प्रवेश किया इसके पश्चात भौरासा नगर के राजपूत समाज जनों के घर-घर पहुंचकर निमंत्रण दिया जिसमें दिनांक 17 व 18 जून को होने वाले भव्य मूर्ति अनावरण रघुकुल गौरव वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की मूर्ति अनावरण कार्यक्रम बुधवार 17 जून 2026 पूजन एवं प्रतिमा अभिषेक दोपहर 3 बजे से भव्य सुंदरकांड शाम 6 बजे से रखा गया है वही गुरुवार 18 जून 2026 को भव्य शोभायात्रा शाम 4 से व प्रतिमा अनावरण शाम 5 बजे से आयोजित किया जावेगा इसके पश्चात भोजन प्रसादी का भी आयोजन रखा गया है जिसको लेकर ग्राम नांदेड़ में भव्य तैयारियां की जा रही है।

# माता पिता इस लोक की तो परमात्मा परलोक की भी चिंता करते हैं

**देवास।** श्री दत्त उपासक मंडल द्वारा सामूहिक गुरु चरित्र वाचन सप्ताह के दूसरे एवं तीसरे दिन , मुळेवाडी जिला अहिल्यानगर, महाराष्ट्र की श्री दत्त योगीराज बहुउद्देशीय सामाजिक संस्था की ज्ञान तृप्ती सुद्रीक पाटिल तथा अगले दिवस उनके पिता और संस्था के अध्यक्ष हरिभक्त परायण रामायणाचार्य रवींद्रनाथ सुद्रीक पाटील का कीर्तन हुआ। कीर्तन पूर्व संस्था उपाध्यक्ष तुळशीराम अण्णा सोले ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था गौशाला तथा अनाथ बच्चों का पालन पोषण करती है। वर्तमान समय में गौशाला में 800 से अधिक गौधन है। अनाथ बच्चों को संस्था में वारकरी शिक्षण प्रदान किया जाता है।

फिलहाल 220 बच्चे हैं जिनमें से 70 बच्चे कीर्तन करते हैं। अनाथ बच्चों को एकेडमिक शिक्षा, कीर्तन प्रशिक्षण दिया जाता है। संस्था के अध्यक्ष हरिभक्त पारायण रामायणाचार्य रवींद्रनाथ सुद्रीक पाटील ने कीर्तन में बताया कि जिस प्रकार वातावरण में बहने वाली हवा, फूलों की सुगंध एवं शक्कर की मिठास दिखती नहीं है, लेकिन अनुभव की जा सकती है उसी तरह ईश्वर का अस्तित्व भी है, लेकिन दिखाई नहीं देता केवल महसूस किया जा सकता है। माता पिता तो अपने बच्चों की इसी लोक के लिए चिंता करते हैं लेकिन परमात्मा अपने बच्चों के परलोक की भी चिंता। कीर्तन में ही आपने संत तुकाराम,संत नामदेव, स्वामी रामकृष्ण परमहंस के प्रसंग सुनाए।

# 17 वर्ष पूर्व बनी ग्रामीण प्रधानमंत्री सड़क गड्ढों में हो गई तब्दील

**पुल बनाने की मांग वर्षो से लंबित**

**बागली।** बागली मुख्यालय से चार पंचायतों के दर्जन भर गांवों को जोड़ने वाली प्रधानमंत्री ग्राम सड़क वर्तमान में जर्जर होकर गड्ढे में तब्दील हो गई है। प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत 19 साल पहले बनी यह सड़क वर्तमान जर्जर होकर आए दिन हादसों का कारण बन रही है। बेहरी से धावड़िया, गुवाड़ी और चारबर्डी पंचायतों को जोड़ने वाली यह 10 किलोमीटर लंबी सड़क भी जगह-जगह से उखड़ कर गड्ढे में तब्दील हो चुकी है। इन सड़को से होकर बड़ी संख्या में राहगीर वाहन लेकर गुजरते हैं। सड़को पर बड़े-बड़े गड्ढों में पानी भरने से वाहन चालक परेशान होते नजर आ रहे हैं बेहरी ग्राम पंचायत मुख्यालय से गुजरने वाली गुनेरी नदी पर बड़ा पुल नहीं होने से थोड़ी सी बारिश के पश्चात ही यह मार्ग बंद हो जाता है और कई घंटे तक नहीं खुल पता जिसके चलते प्रतिवर्ष परेशानी आती है। लखवाड़ा सरपंच रामचंद्र देलमिया किसान मोतीलाल पटेल पूर्व जिला पंचायत सदस्य राम सिंह ओसारी आदि ने बताया कि वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकार है। उसके बावजूद भी बेहरी की यह समस्या हल नहीं होना उचित नहीं है । यहा पुल बनाने की मांग 40 वर्षो से की जा रही है। दिवंगत नेता कैलाश जोशी एवं नंदकुमार सिंह चौहान के साथ पूर्व शिक्षा मंत्री दीपक जोशी भी यहां घोषणा करके गए लेकिन अभी तक धरातल पर कुछ काम नहीं हो पाया वर्तमान विधायक से थोड़ी उम्मीद है।

# महापौर जनसुनवाई के आवेदनों को उपायुक्त ने निराकरण के लिए भेजा

**देवास।** निगम मे प्रति बुधवार को आयोजित होने वाली महापौर जनसुनवाई में महापौर श्रीमती गीता दुर्गेश अग्रवाल के प्रवास पर होने से 3 जून बुधवार को महापौर जनसुनवाई निगम उपायुक्त जाकिर जाफरी के द्वारा निगम सामान्य प्रशासन विभाग समिती अध्यक्ष प्रतिनिधि संजय दायमा के साथ की गई। उपायुक्त को नागरिकों द्वारा दिए गये आवेदनों मे वार्ड 9 पीपल चौक ईटावा मे पानी की निकासी करने, उज्जैन रोड पर गंदा पानी आने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने व अन्य समस्याओं के आवेदन दिए गये। श्री जाफरी द्वारा आवेदनो का समय सीमा मे निराकरण किऐ जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उपायुक्त जाकिर जाफरी के द्वारा निगम उपायुक्त देवबाला पिपलोनिया, आरती खेडेकर, उपायुक्त वित्त दिपक पटेल के साथ प्रधानमंत्री स्वनिधि के स्वीकृति पत्रों का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर प्र.कार्यपालन यंत्री जगदीश वर्मा, सहायक यंत्री जितेन्द्र सिसोदिया, मुशाहीद हन्फी आदि उपस्थित थे।

# 3 करोड़ में होगा उद्गम स्थल से रंजीत बधं तक काली सिंध नदी का गहरी करण

**1 जून को प्रस्ताव पर मोहर लग गई**

**बागली।** 10 वर्ष पूर्व काली सिंध गहरी करण योजना के तहत उद्गम स्थल से लेकर बागली जनपद क्षेत्र की सीमा तक 22 करोड रुपए खर्च करके 16 स्टॉप डैम और बोरी बाधं बनाए गए जिसमें ग्राम पंचायत बरझाई कर्बला मैदान बागली छतरपुरा नयापुरा अवल्दा सहित देवगढ़ तक क्षेत्र शामिल रहा इसका नतीजा यह रहा की काली सिंध नदी में कई स्थानों पर मार्च अप्रैल तक पानी भरा हुआ दिखाई दिया इस बार बागली विधायक मुरली भंवरा ने नदी के आरंभ से ही नदी को पुनर्जीवित करने के लिए इसकी गहराई के विषय में सोचा और विधायक निधि से उद्गम स्थल से लेकर वर्तमान प्रस्तावित रंजीत बधं तक गहरीकरण के लिए 3 करोड़ का प्रस्ताव बनाकर मध्य प्रदेश शासन को भेजा 1 जून को प्रस्ताव पर मोहर लग गई और 3 करोड रुपए की स्वीकृति मिल गई डेढ़ किलोमीटर के इस नदी प्रवाह में बढ़ पाला कटी नदी शमशान घाट गाड़ी पीछे स्थल प्रमुख है। इन स्थानों पर नगर के प्रमुख नाले भी मिलते हैं। यदि इन सभी स्थानों पर उचित तरीके से नदी का गहरीकरण हो गया तो वर्ष भर पानी रहने की संभावना बढ़ जाएगी गौरतलब है कि 50 वर्ष पूर्व पूर्व मुख्यमंत्री एवं दिवंगत राजनेता कैलाश जोशी के प्रयासों से पानी की टंकी का निर्माण बागली में हुआ था और पहली बार नल द्वारा जलप्रदाय व्यवस्था लागू हुई उस वक्त काली सिंध नदी से ही बढ़ पाला स्थान से पानी बागली नगर को मिलने लगा जो अभी तक भी चालू है हालांकि पानी की कमी और नलों का दबाव बढ़ाते हुए वह पानी कम पड़ने लगा और बागली में नर्मदा परियोजना भी आ गई बागली विधायक मुरली भंवरा ने बताया कि उद्गम स्थल से लेकर प्रस्तावितरंजीत बंधन तक नदी का गहरीकरण होता है और इसमें पानी रहता है तो इसका लाभ इट भट्टी वालों के साथ-साथ आसपास के किसानों को भी मिलेगा और बागली नगर के सभी ट्यूबवेल भी रिचार्ज हो जाएंगे वही मुक्तिधाम स्थल पर वर्ष भर पानी रहेगा इससे अमृत आत्माओं का तर्पण और घाट कार्यक्रम बहते जल में आसानी से हो सकेगा अगले बजट में गहरीकरण का यह सीमांकन क्षेत्र और आगे बढ़ा दिया जाएगा धीरे-धीरे नयापुरा तक नदी का गहरीकरण होने के साथ-साथ इसके आसपास बड़ी मात्रा में पौधा रोपण करने की भी महत्वपूर्ण योजना है। नदी गहरीकरण के लिए जल संसाधन विभाग एजेंसी बनाई गई है।

# नियमितीकरण सहित कई मांगों को लेकर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता संघ ने दिया ज्ञापन




**देवास।** भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष रामू जमोडिया ने बताया कि भारत भर में धरना विरोध प्रदर्शन और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इसी कड़ी में म प्र आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका संघ ने 10 सूत्री मांगों को लेकर हुंकार भारी। सरकारी कर्मचारी का दर्जा और सभी सुविधाएं बिना परीक्षा के योग्यता के आधार पर पर्यवेक्षक पद प्रमोशन । महिलाएं बाल विकास विभाग के अलावा अन्य विभाग की ड्यूटी से मुक्ति। रिटायरमेंट पर 5000 हजार रुपए दिए जाएं व केन्द्रीय कर्मचारिओ की तरह रीटायरमेंट की आयु 65 वर्ष की जायें तथा तहसीलदार से मांगों के त्वरित निराकरण की मांग की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका की मृत्यु होने पर उनकी बहू बेटी को अनुकंपा नियुक्ति दी जाए । आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका के मानदेय में जो 50 प्रतिशत का अंतर है उसको काम किया जाए क्योंकि समय सहायिकाओं का भी उपयोग हो रहा है और महंगाई भी बराबर बढ़ रही है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं साहियका संघ की जिला अध्यक्ष रामू जमोड़िया, कला भंडारी, शानु चौहान, आशा बिजवा बबीता गुज़र हिरामाणी सोनी, निर्मला सोनी, रीना बडगुर्जर, अनिता बागवान, रानी पलाथिया, आशा बगानिया, लीला बाई, पुजा रलोती आदि सहित बड़ी संख्या में आंगनवाडी कार्यकर्ता एवं सहायिका उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री अमित पांडे ने किया तथा आभार अजय उपाध्याय ने माना।

# साइबर सुरक्षा और यातायात नियमों को लेकर जनचौपाल आयोजित

**सोनकच्छ।** सोनकच्छ थाना क्षेत्र के ग्राम लौंदिया में टीआई अजय गुर्जर द्वारा जनचौपाल आयोजित कर ग्रामीणों को साइबर सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को साइबर अपराधों से बचाव के लिए महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। टीआई गुर्जर ने ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, ओटीपी साझा करने के जोखिम, सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाली धोखाधड़ी तथा बैंकिंग फ्रॉड से बचने के उपायों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि किसी भी अज्ञात व्यक्ति के साथ बैंक संबंधी जानकारी या ओटीपी साझा न करें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। यातायात जागरूकता के तहत दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने, चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करने तथा निर्धारित गति सीमा का पालन करने की समझाइश दी गई। साथ ही नए यातायात नियमों के बारे भी अवगत कराया। सतर्कता और जागरूकता से ही साइबर अपराधों एवं सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है।

# विश्व साइकिलिंग दिवस मनाया, साइकिल रैली का किया आयोजन



**देवास।** जिला साइकिलिंग एसोसिएशन ओर खेल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विश्व साइकिलिंग दिवस मनाया गया। जिला साइकिलिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष आशीष गुप्ता ने बताया कि 3 जून 2026 को एल एन बी क्लब से केलादेवी चौराहा से होकर सयाजी गेट तक साइकिलिंग रैली का आयोजन किया गया। सभी साइकिलिंग खिलाड़ियों ने बड़ चढ़कर हिस्सा लिया माय भारत के पदाधिकारियों ने सभी साइकिलिस्ट को एनर्जी ड्रिंक ओर कैप वितरित की। साइकिलिंग एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी अध्यक्ष आशीष गुप्ता, उपाध्यक्ष गौरव कदम, के साथ सुनील मालवीय, सूरज वामनीया, सुमित शर्मा, देवराज सांगते, बालचंद्र काले, तनिष्क मोदी, तेजस ठाकुर, वंश, क्रीड़ा भारती से सचिव ओमप्रकाश जगावत खेल विभाग से जावेद पठान, यशवंत डागोरा , माय भारत से तारा पारंगी उप निर्देशक, हेमंत देवड़ा, संतोष बारोलिया समाजसेवी, देवास फिटनेस क्लब से सीनियर साइक्लिस्ट हेमंत वर्मा, प्रद्युम्न सिंह राठौर व रिजवान कौसर इस साइकिल रैली में शामिल हुए सभी ने पुलिस विभाग का धन्यवाद किया जिन्होंने पूरी व्यवस्था संभाली। टीम में ममता गायकवाड, जीत, कुशल अंसल, राघव काले, सात्विक शिवहरे, क्रिस्टल जादव, दीपक गायकवाड, उषा गायकवाड, भौमिक सोलंकी, शुभ बंसल, शुभम सिंह, अभय ओझा, रिद्धि मोहिते, गौरी मोहिते, किशी सोनी आदि शामिल रहे।

## एक नजर में

**स्वयं महादेव जी द्वारा जिस ग्रन्थ पर हस्ताक्षर किए है वो है तुलसीदास जी द्वारा रचित रामचरितमानस**

# रा से राष्ट्र और म से मंगल जो राष्ट्र का मंगल करते है वो है राम : पं .सुनील कृष्ण व्यास





**देवास।** जिसके जीवन में सत्य महाशंकर और जिसके जीवन में शंकर है वही सुंदर है रामचरितमानस कोई साधारण ग्रंथ नहीं है। स्वयं महादेव जी द्वारा जिस ग्रन्थ पर हस्ताक्षर किए है वो है तुलसीदास जी द्वारा रचित रामचरितमानस। अधिकांश सनातनी वेद मंत्र का उच्चारण नहीं कर सकते किंतु किसी भी सनातनी भाई से अगर रामायण की चौपाई सुनाने का बोला तो अनेक चौपाई सुना देगा। प्रभु श्री राम के प्रति हमारी आस्था और विश्वास को दृढ़ किया है वो है रामचरितमानस । धर्म के कार्य में संशय नहीं करें । जब भी संशय हो गुरु का आश्रय लेकर रामचरित्र मानस का पाठ करे संशय स्वत दूर हो जाएंगे। राम का नाम लेकर जब समुद्र में पत्थर तैरने लगे तो प्रभु राम को भी संशय हुआ था उन्होंने अपने हाथ से समुद्र में पत्थर डाल तो वह डूब गया प्रभु श्री राम के संशय को दूर करते हुए हनुमान जी ने कहा प्रभु आपके नाम का प्रताप है कि पत्थर तैर रहे हैं किंतु तो जिसको आप छोड़ेंगे वह पत्थर तेरेगा नहीं डूब जाएगा।तुलसीदास जी ने लिखा है राम से बड़ा राम का नाम है। रा से राष्ट्र है म से मंगल जो राष्ट्र का मंगल करते है वो राम है। यह आध्यात्मिक विचार स्वर्णकार समाज महिला मंडल द्वारा पुरुषोत्तम मास में स्वर्णकार धर्मशाला में आयोजित श्री राम कथा के द्वितीय दिवस पर रामायणाचार्य पंडित सुनील कृष्णा व्यास ने व्यक्त करते हुए कहा कि निंदा से बुराई का नाश होता है और अच्छाई प्रकट होती है जो निंदा करता है उसे अपने भी पास रखें ताकि आपकी बुराइयां आपको मालूम पड़ती रहे और आप अच्छाई की ओर अग्रसर होते रहे। आपने शिव एवं पार्वती विवाह के प्रसंग के दौरान अनेक आध्यात्मिक रहस्य को प्रकट करते हुए श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। कथा के प्रथम दिवस पर स्वर्णकार समाज महिला मंडल द्वारा खेड़ापति से स्वर्णकार धर्मशाला तक भव्य शोभायात्रा निकाली गई थी एमजी रोड पर अनेक सामाजिक संगठनों ने शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया। व्यास पीठ की पूजा महिला मंडल अध्यक्ष राजश्री सोनी, सचिव डिंपल सोनी सहित महिला मंडल की सदस्यों ने किया। इस अवसर पर स्वर्णकार समाज सहित अन्य समाज के पदाधिकारी, नवयुवक स्वर्णकार मंडल सहित समाज के महिलाएं पुरुष उपस्थित थे ।